संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार स्वतंत्र रतलाम पृष्ठ 03 दिनांक 05/02/2021



# रतलाम शहर एवं रतलामवासी अद्भुत हैं - श्री चौहान

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कालिका माता मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की

रतलाम। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को रतलाम प्रवास के दौरान रतलाम शहर के प्रसिद्ध कालिका माता मंदिर पहुँच कर दर्शन किये और पूजा अर्चना कर माँ कालिका से रतलाम जिले और प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान के कहा कि रतलाम शहर एवं रतलामवासी बहुत अद्भुत है। मुख्यमंत्री ने कालिका माता मंदिर के प्रस्तावित मॉडल का अवलोकन भी किया। इस मौके पर सांसद श्री गुमान सिंह डामोर , विधायक श्री चेतन्य कश्यप, विधायक श्री राजेन्द्र पाण्डे, विधायक श्री दिलीप मकवाना ,जिला पंचायत प्रधान श्री परमेश मईडा, श्री राजेंद्र सिंह लुनेरा , कमिश्नर उज्जैन श्री संदीप यादव, आईजी उज्जैन श्री राकेश गुप्ता, डीआईजी रतलाम श्री सुशांत सक्सेना, कलेक्टर श्री गोपाल चंद्र डांड एवं जनप्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मीडिया कर्मी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। इस अवसर पर कालिका माता मंदिर सेवा मण्डल रतलाम के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान का सम्मान भी किया। स्वतंत्र

# रतलाम शहर एवं रतलामवासी अद्भुत हैं - मुख्यमंत्री चौहान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को रतलाम प्रवास के दौरान रतलाम शहर के प्रसिद्ध कालिका माता मंदिर पहुंच कर दर्शन किये और पूजा अर्चना कर माँ कालिका से रतलाम जिले और प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की प्रार्थना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री चौहान के कहा कि रतलाम शहर एवं रतलामवासी बहुत अद्भुत है। मुख्यमंत्री ने कालिका माता मंदिर के प्रस्तावित माडल का अवलोकन भी किया। इस मौके पर सांसद गुमान सिंह डामोर, विधायक चेतन्य कश्यप, विधायक राजेन्द्र पाण्डे, विधायक दिलीप मकवाना, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, राजेंद्र सिंह लुनेरा, कमिश्नर उज्जैन संदीप यादव, आईजी उज्जैन राकेश गुप्ता, डीआईजी रतलाम सुशांत सक्सेना, कलेक्टर गोपाल चंद्र डांड एवं जनप्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मीडियाकर्मी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। इस अवसर पर कालिका माता मंदिर सेवा मण्डल रतलाम के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री चौहान का सम्मान भी किया। अवन्तिका



### मुख्यमंत्री का हुआ बंजली हवाई पट्टी पर आत्मीय स्वागत

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का गुरुवार को वायुयान द्वारा रतलाम जिले के बंजली हवाई पट्टी पर आगमन हुआ जहा जनप्रतिनिधियो और गणमान्य नागरिकों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। प्रशासन की ओर से कमिश्नर संदीप यादव, आईजी उज्जैन राकेश गुप्ता, कलेक्टर गोपाल चंद डांड, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने मुख्यमंत्री चौहान की अगवानी की। हवाई पट्टी पर वायुयान से उतरते ही सांसद गुमान सिंह डामोर, विधायक चेतन्य कश्यप, विधायक राजेन्द पाण्डे, विधायक दिलीप मकवाना, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, राजेंद सिंह लुनेरा, पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल, पूर्व महापौर शैलेन्द डागा, मनोहर पोरवाल सहित जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिकों ने मुख्यमंत्री चौहान का पुष्पहारों व पुष्प गुच्छ देकर आत्मीय स्वागत किया।

## नगर की 276 करोड़ की विकास योजनाओं को हरी झंडी दिखाई

# रतलाम-मुंबई -दिल्ली एक्सप्रेस वे पर मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन विकसित होगा

प्रसारण न्यूज • रतलाम

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कलेक्टर सभाकक्ष में आत्मनिर्भर रतलाम के तहत बहुआयामी विकास योजना का रोड मेप 2021-26 का प्रदर्शन देखा। उन्होंने रतलाम मुंबई एक्सप्रेसवे पर अठारह हजार करोड़ रूपये के निवेश से मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन फॉर अपेरल की कार्य योजना को आगे बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा है कि रतलाम को प्रदेश के अग्रणी नगरों में स्थापित करना है। एक महानगर के हिसाब से आने वाले समय में इसकी प्लानिंग की जाना चाहिए। रतलाम के इस नए निवेश क्षेत्र में लगभग एक हजार आठ सौ हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता दर्शाई गई है। जिसमें 256 हेक्टेयर भूमि निजी है। निजी क्षेत्र की भूमि पीपीपी मोड पर विकसित की जाएगी। इस निवेश से 24 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। कलेक्टर सभाकक्ष में कलेक्टर श्री गोपाल डांड ने आज रतलाम की वर्ष 2021 से 26 तक के विकास योजना का रोड मेप प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने बताया कि रतलाम, दिल्ली, मुम्बई रेलवे मार्ग पर महत्वपूर्ण जंक्शन है यहां से पीथमपुर की दूरी 100 किलोमीटर तथा इंदौर हवाई अड्डे की दूरी मात्र 144 किलोमीटर है। यह नगर दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, सूरत आदि से बहुत अच्छे तरीके से कनेक्टेड है। बैठक में सांसद श्री गुमानसिंह डामोर, विधायक श्री चेतन्य कश्यप, श्री राजेन्द्र पाण्डे, श्री दिलीप मकवाना, सम्भागायुक्त श्री संदीप यादव, आईजी श्री राकेश गुप्ता, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### 276 करोड़ की अन्य योजनाए स्वीकृत



बैठक में सिटी रिंग रोड़ के चौड़ीकरण तथा रतलाम शहर के मुख्य मार्गों के चौड़ीकरण जिन पर कुल 126 करोड़ रुपए व्यय होना है के निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई। इसी तरह माणक चौक कमर्शियल काम्प्लेक्स एवं पार्किंग दो बत्ती चौराहे पर कोठारी मार्केट की भूमि पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स हाट बाजार एवं मल्टी स्टोरी पार्किंग निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि रतलाम शहर की समस्त स्ट्रीटलाइट्स को एलईडी में परिवर्तित करने का लक्ष्य है। वर्ष 2020-21 में 15367 स्ट्रीट लाइट बदल दी गई है जिससे विद्युत बिल में 2 करोड़ से अधिक की बचत हुई है। रतलाम शहर के मध्य में स्थित 2.45 हेक्टर शासकीय भूमि के पुनर्घनत्वीकरण की 128 करोड़ की योजना को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इस योजना के तहत 300 बेडेड नवीन जिला चिकित्सालय, 1000 सीटर ऑडिटोरियम तथा 111 शासकीय आवास निर्मित होंगे। इसी तरह रतलाम ट्रांसपोर्ट नगर की के लिए 22 करोड़ की योजना की स्वीकृति प्रदान की गई। प्रसारण



# मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान का हुआ बंजली हवाई पट्टी पर आत्मीय स्वागत

रतलाम। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का गुरुवार को वायुयान द्वारा रतलाम जिले के बंजली हवाई पट्टी पर आगमन हुआ जहा जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। प्रशासन की ओर से कमिश्नर श्री संदीप यादव, आईजी उज्जैन श्री राकेश गुप्ता, कलेक्टर श्री गोपाल चंद्र डांड, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी ने मुख्यमंत्री श्री. चौहान की आगवानी की। हवाई पट्टी पर वायुयान से उतरते ही सांसद श्री गुमान सिंह डामोर , विधायक श्री चेतन्य कश्यप, विधायक श्री राजेन्द पाण्डे, विधायक श्री दिलीप मकवाना ,जिला पंचायत प्रधान श्री परमेश मईडा, श्री राजेंद्र सिंह लुनेरा, पूर्व निगम अध्यक्ष श्री अशोक पोरवाल, पूर्व महापौर श्री शैलेन्द डांगा, श्री मनोहर पोरवाल सहित जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिकों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान का पुष्पहारों व पुष्प गुच्छ देकर आत्मीय स्वागत किया।

## सीएम ने हमेशा दी रतलाम को विशेष मदद

विधायक चैतन्य काश्यप ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा मेडिकल कॉलेज की जो सौगात रतलाम को दी गई उससे मंदसौर, नीमच तक के मरीजों को कोरोना काल में जीवनदान मिला है। मुख्यमंत्री जब आते है रतलाम को विशेष मदद देकर जाते हैं। इस दौरान सांसद गुमानसिंह डामर, जावरा विधायक राजेंद्र पाण्डेय, ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, पूर्व विधायक संगीता चारेल, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईड़ा, नारायण मईड़ा, जितेंद्र गेहलोत, संभागायुक्त, डीआईजी सुशांत सक्सेना, कलेक्टर गोपालचंद डाड, एसपी गौरव तिवारी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी आदि मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कालिका माता मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को रतलाम प्रवास के दौरान रतलाम शहर के प्रसिद्ध कालिका माता मंदिर पहुँच कर दर्शन किये और पूजा अर्चना कर माँ कालिका से रतलाम जिले और प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री चौहान के कहा कि रतलाम शहर एवं रतलामवासी बहुत अदभुत है। मुख्यमंत्री ने कालिका माता मंदिर के प्रस्तावित मॉडल का अवलोकन भी किया। इस मौके पर सांसद गुमान सिंह डामोर , विधायक चेतन्य कश्यप, विधायक राजेन्द पाण्डे, विधायक दिलीप मकवाना, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, राजेंद्र सिंह लुनेरा, कमिश्नर उज्जैन संदीप यादव, आईजी उज्जैन राकेश गुप्ता, डीआईजी रतलाम सुशांत सक्सेना, कलेक्टर गोपाल चंद डांड एवं जनप्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मीडिया कर्मी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। इस अवसर पर कालिका माता मंदिर सेवा मण्डल रतलाम के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान का सम्मान भी किया।

## मुख्यमंत्री चौहान ने रतलाम में दी अनेकों सौगातें

# आने वाले पांच वर्षों में गरीबों को पक्के आवास बनाकर दिए जाएंगे : शिवराजसिंह चौहान

**प्रदेश के खजाने पर पहला हक प्रदेश के गरीबों का है, लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट लाने का कार्य किया जाएगा**





2021

215







मुख्यमंत्री ने कालिका माता मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना कर माँ कालिका से रतलाम जिले और प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की

# रतलाम शहर एवं रतलामवासी अद्भुत हैं: श्री चौहान

- प्रावास योजना के हितग्राहियों को कराया गृह प्रवेश
- हितग्राही के घर पर ही सांसद-विधायकों के साथ मुख्यमंत्री ने किया भोजन
- नगर से महानगर के प्रजेन्टेशन को देख प्रसन्न हुए शिवराज

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क





मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को रतलाम प्रवास के दौरान रतलाम शहर के प्रसिद्ध कालिका माता मंदिर पहुँच कर दर्शन किये और पूजा अर्चना कर माँ कालिका से रतलाम जिले और प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। इसके पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज ने ग्राम पलसोड़ा में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा का अनावरण किया। रतलाम दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने कलेक्टोरेट में अधिकारियों के साथ ली बैठक में शहर के विकास के प्रजेंटेशन को देखा।

मूल रूप से पीएम आवास के 101 हितग्राहियों को गृह प्रवेश के लिए आए श्री चौहान ने अपनत्व दिखाते हुए हितग्राही के घर भोजन भी किया। कोविड के कारण एक लंबे समय से अछूती रही राजनीतिक गतिविधियां रतलाम में चरम पर थी। अपने लाडले मुख्यमंत्री का भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश और खरोश से स्वागत किया।

शहर में लगभग 100 से अधिक स्थानों पर भाजपा पदाधिकारियों, मोर्चा प्रकोष्ठ के अलावा सामाजिक संस्थाओं ने भी श्री चौहान का अभिनंदन किया। एक लंबे अरसे बाद रतलाम आए श्री चौहान ने लगभग सभी मंचों पर थोड़ा समय लेकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। शहर का नया स्वरूप देख श्री चौहान काफी प्रसन्न नजर आए। जिसका उन्होंने डोसीगांव की सभा में जिक्र भी किया।

कलेक्टोरेट में बैठक के बाद श्री चौहान भाजपा जिलाध्यक्ष श्री लुनेरा के घर पर भी पहुंचे जहां। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जमकर स्वागत किया। डोसीगांव स्थित मुख्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि 15 महीने की कमलनाथ सरकार ने गरीबों के मुंह से निवाला छीन लिया था। सभी जनहितैषी योजनाएं बंद कर दी गई थी। जिन्हें हमने पुनः शुरू कर दिया है। कोरोना संक्रमण की वजह से इसमें पूरी तेजी नहीं आ पाई है लेकिन जल्द ही सभी योजनाएं पूरी तरह चलती रहेंगी। पढ़ाई लिखाई की व्यवस्था सरकार पहले ही कर चुकी है। प्रधानमंत्री माननीय मोदीजी की आयुष्मान योजना के चलते सभी के आयुष्मान कार्ड बनाने का काम चल रहा है। जिसके चलते सरकारी के साथ ही प्रायवेट अस्पताल में भी 5 लाख रुपये तक का इलाज निःशुल्क होगा।

## प्रस्तावित मॉडल का किया अवलोकन

लंबे समय से रतलाम आ रहे श्री शिवराज सिंह चौहान आज पहली बार रतलाम के प्राचीन कालिका माता मंदिर दर्शन करने भी गए। जहां उन्होंने कहा कि रतलाम शहर एवं रतलामवासी बहुत अद्भुत है। मुख्यमंत्री ने कालिका माता मंदिर के प्रस्तावित मॉडल का अवलोकन भी किया। इस मौके पर सांसद गुमान सिंह डामोर, विधायक चेतन्य काश्यप, महाकालिका माता मंदिर सेवा मण्डल रतलाम के पदाधिकारी उपस्थित थे।

**शहर में कई दर्जन स्थानों पर हुआ स्वागत:** सीएम के बंजली हेलीपैड से पलसोड़ा, कालिका माता मंदिर और कलेक्टोरेट और आगे डोसीगांव के रास्ते में दर्जनों स्थानों पर मंच बनाकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सीएम का स्वागत किया।

## मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का हुआ बंजली हवाई पट्टी पर आत्मीय स्वागत


मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का गुरुवार को वायुयान द्वारा रतलाम जिले के बंजली हवाई पट्टी पर आगमन हुआ जहां जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ता नागरिकों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। प्रशासन की ओर से कमिश्नर संदीप यादव, आईजी उज्जैन राकेश गुप्ता, कलेक्टर [illegible], पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने मुख्यमंत्री श्री चौहान की अगवानी की। हवाई पट्टी पर वायुयान से उतरते ही सांसद गुमान सिंह डामोर, विधायक चेतन्य काश्यप, विधायक राजेन्द्र पांडे, विधायक दिलीप मकवाना, जिला पंचायत प्रधान [illegible], राजेंद्र सिंह लुनेरा, पूर्व [illegible], पूर्व महापौर [illegible] सहित जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता नागरिकों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान का पुष्पहार व पुष्प गुच्छ देकर आत्मीय स्वागत किया।

## पलसोड़ा में किया मूर्ति का अनावरण

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने बंजली हवाई पट्टी से ग्राम पलसोड़ा पहुंचे। पलसोड़ा में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की मूर्ति का अनावरण कर [illegible] मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने [illegible] कार्यक्रम में हिस्सा [illegible] जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में श्री अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा का अनावरण कर [illegible] पूरा किया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार स्वदेश ----पृष्ठ 10 दिनांक 05/02 ....2021





कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेते हुए।

# आयुष्मान कार्ड सभी के लिए बनाया जाए–मुख्यमंत्री

• डोसीगांव में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व सरकार ने हमारी सरकार द्वारा प्रारंभ की गई कई योजनाओं को बंद कर दिया था, जिसे पुन: प्रारंभ किया गया है। उन्होंने अपनी सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया और कहा कि दूसरी सरकार ने काम नहीं किया, संबल योजनाएं सहित कई योजनाएं बंद कर दी। संबल योजना प्रारंभ कर दी गई है। मेरी सरकार अब पट्टाविहीनों को पट्टा देने का अभियान चलाएगी। राशन के लिए 37 लाख नए नाम जोड़ दिए हैं। सभी को शासन की योजनाओं का लाभ मिलेगा तथा सस्ता अनाज सुलभ होगा। उन्होंने यह भी कहा कि बेटियां देवियां हैं, इनकी सेवा भगवान की पूजा है। बेटियों के लिए कानून बना दिया गया है। बेटियों के उत्पीड़न के मामले में 37 को फांसी की सजा दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड सभी के लिए बनाया जाना चाहिए। इसके माध्यम से पांच लाख रुपए तक का इलाज चिन्हित प्रायवेट अस्पताल में करा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 550 करोड़ रुपए देकर किसानों के ब्याज का भुगतान करेंगे, साथ ही किसानों के खातों में राशि आती रहेगी। उपस्थित अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी भी उपस्थित रहे। स्वदेश

# मुख्यमंत्री आज नगरीय निकायों की 19 जल प्रदाय योजनाओं का करेंगे लोकार्पण-भूमिपूजन

**3 शहरों के नागरिकों से संवाद भी करेंगे, कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मध्यप्रदेश दूरदर्शन, क्षेत्रीय समाचार चैनलों और सोशल मीडिया के माध्यम से होगा**

**भोपाल ● 4 फरवरी (वा)** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान कल दोपहर विभिन्न नगरीय निकायों की 19 जल प्रदाय योजनाओं का मंत्रालय से वर्चुअल लोकार्पण/भूमिपूजन करेंगे। इन योजनाओं की कुल लागत 366 करोड़ 29 लाख रुपए है। इनमें से 224 करोड़ 50 लाख लागत की 12 योजनाओं का लोकार्पण और 141 करोड़ 79 लाख लागत की 7 योजनाओं का भूमिपूजन होगा। इस दौरान नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहेंगे।

मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पित की जाने वाली 12 जल प्रदाय योजनाओं से 12 नगरों के लगभग 4 लाख 80 हजार नागरिक लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना में नगर परिषद हनुमना की 13 करोड़ 35 लाख, नगर परिषद अमानगंज की 12 करोड़ 89 लाख, नगर परिषद नागौद की 18 करोड़ 18 लाख, नगर परिषद कुरवई की 11 करोड़ 94 लाख, नगर परिषद बुधनी की 7 करोड़ 34 लाख, नगर परिषद गोविंदगढ़ की 8 करोड़ 37 लाख, नगर परिषद भानपुरा की 7 करोड़ 92 लाख, नगर परिषद बड़ौद की 7 करोड़ 29 लाख, नगर पालिका उमरिया की 14 करोड़ 70 लाख और नगर परिषद छपीहेड़ा की 4 करोड़ 95 लाख की जल प्रदाय परियोजनाओं का लोकार्पण किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान अमृत मिशन में नगर पालिका परिषद गुना की 29 करोड़ 88 लाख और नगर पालिका पीथमपुर की 87 करोड़ 69 लाख की जल प्रदाय परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। श्री चौहान एडीबी योजना में नगर परिषद धामनोद की 19 करोड़ 55 लाख, नगर परिषद जेरोनखालसा की 21 करोड़ 50 लाख, नगर परिषद कारी की 20 करोड़ 29 लाख, नगर परिषद लिधौराखास की 20 करोड़ 52 लाख और विश्व बैंक योजना में नगर परिषद बड़ा मल्हारा की 25 करोड़ 90 लाख, नगर परिषद सेवढ़ा की 26 करोड़ 52 लाख और नगर परिषद नईगढ़ी की 7 करोड़ 51 लाख की जल प्रदाय परियोजनाओं का भूमिपूजन करेंगे। इन परियोजनाओं के पूरा होने पर लगभग 93 हजार नागरिक लाभान्वित होंगे।

## राज्य सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए चिंतित-शिवराज

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में सभी वर्गों के कल्याण के लिए राज्य सरकार चिंतित है। श्री चौहान आज निवास पर उनसे भेंट करने आए शिया समाज के प्रतिनिधिमंडल से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज के निर्धन वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सरकारी खजाने पर पहला अधिकार गरीबों का ही है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि श्री चौहान के प्रयास अनूठे हैं। जहां सरकार ने कोविड जैसी चुनौती से निपटने में पूरी सक्रियता दिखाई, वहीं लोगों को सुदृढ़ कानून व्यवस्था का लाभ भी दिलवाया जा रहा है।

शासन–नगर निगम, रतलाम अखबार नईदुनिया पृष्ठ 17 दिनांक 05/02...2021

# गोल्ड पार्क को हरी झंडी, एक्सप्रेस वे पर मेगा इंटीग्रेटेड टैक्सटाइल रीजन बनेगा

## जिले में अठारह हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा, चौबीस हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार





### मुख्यमंत्री आए रतलाम

### इन कार्यों का भूमिपूजन

### कालिका माता मंदिर में प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की और कहा- रतलाम अद्भुत और शहरवासी भी अद्भुत



### शहर को यह सौगात भी मिली

### अटलजी को दी श्रद्धांजलि

### इन कार्यों का लोकार्पण

### 2400 बड़ी औद्योगिक भूमि लगी

# मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का हुआ बंजली हवाई पट्टी पर आत्मीय स्वागत



रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का गुरुवार को वायुयान द्वारा रतलाम जिले के बंजली हवाई पट्टी पर आगमन हुआ जहां जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। प्रशासन की ओर से कमिश्नर संदीप यादव, आईजी उज्जैन राकेश गुप्ता, कलेक्टर गोपाल चंद डांड, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने मुख्यमंत्री श्री चौहान की अगवानी की। हवाई पट्टी पर वायुयान से उतरते ही सांसद गुमान सिंह डामोर, विधायक चेतन्य कश्यप, विधायक राजेन्द्र पाण्डे, विधायक दिलीप मकवाना, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, राजेंद्र सिंह लुनेरा, पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, मनोहर पोरवाल सहित जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिकों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान का पुष्पहारों व पुष्प गुच्छ देकर आत्मीय स्वागत किया।

प्रसारण

### सीएम ने देखा 5 साल का रोडमेप, रतलाम के सर्वांगीण विकास का दोहराया संकल्प

# 17 सौ हेक्टेयर में लगेंगे उद्योग 17 सौ करोड़ का होगा निवेश

## करीब 5 घंटे में सीएम ने मां के दर्शन, भोजन किया, करोड़ों की दी सौगात




मुख्यमंत्री 1.05 मिनट पर आए, 5.50 पर हुए रवाना

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

जिले में औद्योगिक विकास के लिए 1700 हेक्टेयर जमीन पर 1800 करोड़ रुपए का निवेश होगा। रतलाम का नमकीन विश्व प्रसिद्ध है और इससे जुड़े व्यापार को और गति देने के लिए नमकीन क्लस्टर पर काम शुरु हो चुका है। रतलाम के सोने के लिए भी अलग से गोल्ड पार्क बनेंगे। मध्यप्रदेश के खजाने पर पहला हक गरीबों का है। गरीबों को रहने के लिए कोई महल, बंगला नहीं चाहिए, केवल सर छुपाने के लिए पट्टा और उसपर छत चाहिए। कलेक्टर, एसपी और जनप्रतिनिधि भी सुन लें रतलाम में आवास, राशन, शिक्षा और स्वास्थ्य सभी को बिना परेशान हुए मिलें। ये बातें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को रतलाम के डोसीगांव में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रतलाम का प्यार और विश्वास पाकर

### अटलजी की प्रतिमा का अनावरण, संत से लिया आशीष



मुख्यमंत्री श्री चौहान दोपहर करीब 1.20 बजे बंजली स्थित हेलीपेड पहुंचे, जहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद सीएम काफिले के साथ ग्राम पलसोड़ा पहुंचे जहां उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटलबिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया। कहा कि लोगों की मांग पर ग्राम पलसोड़ा में नल जल योजना के माध्यम से हर घर को नल द्वारा पेयजल पहुंचाया जाएगा। पलसोड़ा में स्वामी गंगा गिरी महाराज का स्वागत एवं

### शिवराज ने लिया मां का आशीर्वाद



मुख्यमंत्री पलसोड़ा में मूर्ति अनावरण के बाद सीधे प्रसिद्ध चमत्कारी शक्तिपीठ कालिका माता मंदिर पहुंचे। विधायक चैतन्य काश्यप के साथ सीएम मंदिर की सीढ़ियों को छूते हुए गर्भगृह में पंहुचे, जहां सीएम ने माता की चमत्कारी प्रतिमाओं का पूजन कर, आशीर्वाद लिया। शिवराज ने माता की आरती भी उतारी और पूरे प्रदेश और देश की उन्नति, समृद्धि की कामना करते हुए माता से दुराचारियों, विपदाओं और दुरात्माओं का अंत करने की प्रार्थना की। मंदिर पुजारी ने तिलक

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दबंग दुनिया –पृष्ठ 22 दिनांक 05/02/2021

### स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को रात में भी पकड़ा जाएगा

# 627 मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्री में भी मवेशियों को पकड़ा जायेगा क्योंकि मवेशी पालको द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है।

- कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 3 फरवरी तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 627 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 3 फरवरी को शिवशंकर कालोनी, डीमार्ट, महावीर नगर, महू रोड ब्रीज से 5 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये।

शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़ो का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वयं अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी।

## गंदगी करने पर 31 लोगों पर जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानो पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियो पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानो पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार महू रोड बस स्टैण्ड पर गंदगी करने पर सीताराम, रोहित पर 200-200, शब्बीर मोहम्मद, संजय जैन, रितेश, मोहतक, ओमप्रकाश, सुनील, लखण, संजय, किशन व अन्य 2 पर 100-100, कांजीभाई, बलवंत, फुलजीलाल, जितेन्द, घनश्याम, दिनेश, विनोद, विजय, रामू, राजेश, प्रांची, कालू, संटू, सुपर, विक्की, विजय, चन्द्रप्रकाश पर 50-50 रुपए का स्पॉट फाईन किया गया।

जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक श्री विनय चौहान आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितो के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## 627 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। रतलाम नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्री में भी मवेशियों को पकड़ा जायेगा क्योंकि मवेशी पालकों द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है।

इन्दौर

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–इन्दौर समाचार पृष्ठ 2 दिनांक 05/02/2021

# आने वाले पांच वर्षो में गरीबों को पक्के आवास बनाकर दिये जायेगे : शिवराजसिंह चौहान



**रतलाम। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने गुरुवार को रतलाम जिले के ग्राम डोसीगॉव में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास ई.डब्ल्यू.एस. से निर्मित 101 आवासों में हितग्राहियो को गृह प्रवेश कराया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आने वाले पॉच वर्षो में गरीबो को पक्के आवास बनाकर दिये जायेगें। किसी भी गरीब को कच्चे मकान में रहने नहीं दिया जायेगा।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के खजाने पर पहला हक प्रदेश के गरीबों का है। श्री चौहान ने कहा कि लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट लाने के लिये ही मैं मुख्यमंत्री बना हु और लोगो के चेहरे पर मुस्कुराहट लाऊगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने रतलाम जिले के लिये अनेके सौगातों की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1 जुलाई से रतलाम शहर में हर घर में पीने का पानी पहुँचाया जायेगा। जिले में 1800 हेक्टेयर जमीन पर कल-कारखाने लगाये जायेंगे। जिले वासियों को इन कारखानों से रोजगार की प्राप्ति होगी। प्रधानमंत्री आवास का लाभ प्राथमिकता से हितग्राहियों को दिया जायेगा। जिले में मध्यमवर्गीय लोगों के लिये तीन हजार आवास दो करोड पचास हजार की लागत से बनाये जायेगें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीवरेज के लिये एक सौ पन्द्रह करोड की राशि खर्च की जायेगी। अण्डर ग्राउण्ड नालियाँ जून माह तक पूरी कर ली जायेगी। रतलाम जिले में एक सौ छब्बीस करोड की लागत से आन्तरिक सड़के बनायी जायेगी।



128 करोड की लागत से जिला चिकित्सालय का आधुनिकरण एवं आडोटोरियम का निर्माण किया जायेगा। शासकीय आवास बनाकर मेडिकल कॉलेज में आवास की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। 150 करोड़ की लागत से व्यवसायिक काम्पलेक्स, सब्जी मार्केट आदि बनाया जायेगा। इसके अलावा 22 करोड़ की लागत से अमृत सागर झील का सौन्दर्यीकरण किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहां कि हनुमान ताल के सौन्दर्यीकरण का कार्य 4 करोड़ की राशि से किया जायेगा। आगामी दिनों में 25 करोड़ की राशि सडक निर्माण, 22 करोड की राशि से ट्रांसपोर्ट नगर बनाये जायेगे। उन्होने कहा कि स्टेट वेण्डरों को 10 हजार रूपये की राशि का ऋण दिया जायेगा जिससे वे अपना स्वरोजगार कर सकेगें। श्री चौहान ने कहा कि रतलाम जिले के विकास के लिये कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगें। उन्होने इस अवसर पर सभी लोगों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया एवं मौके पर ही प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को आवास की चाबी प्रदान की। उन्होंने दीनदयाल योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किये तथा अमृत सागर सौन्दर्यीकरण योजना के अंतर्गत चार करोड़ रूपये की राशि का प्रमाण पत्र नगर निगम आयुक्त को प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहां कि चौथी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद यह पहला अवसर है जब वह रतलाम जिले में आये है। क्षेत्र की जनता ने मुझे अपना प्यार एवं आशीर्वाद दिया है। जनता के लिये भले ही मेरी जान चली जाये लेकिन मैं जनता के आत्म विश्वास को टुटने नहीं दुंगा। जनता के जीवन को संवारने के लिये शासन एक लक्ष्य बनाकर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 33 लाख नये गरीबों के नाम राशनकार्ड में जोडे गये हैं। अब इन गरीबों को एक रूपये किलो के मान से चावल एवं गेंहु प्रदान किया जा रहा है।

इन्दौर

# पेंशन योजना में बढ़ेगा चार फीसद अंशदान

## चार लाख कर्मचारियों को होगा लाभ, अभी 10 प्रतिशत अंशदान दे रही है सरकार

वैभव श्रीधर •भोपाल

फरवरी के अंतिम सप्ताह में प्रस्तुत होने वाले बजट में शिवराज सरकार कर्मचारियों को बड़ी राहत दे सकती है। 2005 के बाद भर्ती हुए अधिकारियों–कर्मचारियों की पेंशन में सरकार अपना अंशदान चार फीसद बढ़ाने की तैयारी में है। अभी राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) के तहत कर्मचारी और सरकार दस-दस प्रतिशत अंशदान जमा करते हैं। केंद्र सरकार ने अपने अंशदान को दस से बढ़ाकर 14 प्रतिशत कर दिया है। प्रदेश में अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को इसका लाभ भी मिल रहा है पर प्रदेश के चार लाख से ज्यादा कर्मचारी इससे वंचित हैं। वे इसकी लंबे समय से मांग भी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि सरकार ने अब अंशदान बढ़ाने को लेकर सकारात्मक रुख दिखाया है और इसकी घोषणा बजट में की जा सकती है। इससे सरकार के खजाने पर करीब 550 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार आने की संभावना है।

सूत्रों के मुताबिक वर्ष 2005 के बाद भर्ती हुए अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए अंशदायी पेंशन योजना लागू हुई है। इसके तहत जितना अंशदान कर्मचारी जमा करते हैं, उतनी ही राशि राज्य व केंद्र सरकार भी मिलाती है। केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए एक अप्रैल 2019 से अपना अंशदान 10 से बढ़ाकर 14 प्रतिशत कर दिया है। राज्य सरकार ने 20 मार्च 2020 से यह प्रविधान मध्य प्रदेश में कार्यरत अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों के लिए लागू कर दिया है लेकिन इसका लाभ प्रदेश के लाखों कर्मचारियों को नहीं दिया गया। इसकी मांग मंत्रालयीन कर्मचारी संघ से लेकर अन्य कर्मचारी संगठन लगातार सरकार से कर रहे हैं लेकिन वित्तीय स्थिति का हवाला देते हुए इसे लगातार टाला जाता रहा है। बताया जा रहा है कि वित्त विभाग में सरकार की ओर से सकारात्मक संकेत मिलने के बाद इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। नईदुनिया

**2005**
के बाद भर्ती हुए कर्मचारियों को मिलेगा लाभ

**14**
प्रतिशत अंशदान कर दिया है केंद्र सरकार ने

**2020**
से लागू है अभा सेवा के अफसरों के लिए प्रविधान

**550**
करोड़ रुपये का आएगा भार



नईदुनिया खबर पर नजर

### पेंशनर्स को भी मिल सकती है राहत

सूत्रों का कहना है कि कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाने के साथ पेंशनर्स की महंगाई राहत में वृद्धि की घोषणा भी की जा सकती है। इसके लिए वित्त विभाग ने प्रस्ताव तैयार कर लिया है। प्रदेश में पौने पांच लाख पेंशनर्स हैं। इन्हें अभी 12 प्रतिशत महंगाई राहत मिल रही है। कमल नाथ सरकार ने जुलाई 2019 से कर्मचारियों का पांच प्रतिशत डीए बढ़ाने के आदेश दिए थे लेकिन पेंशनर्स को छोड़ दिया था। पेंशनर्स एसोसिएशन ने मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस से पेंशनर्स की महंगाई राहत बढ़ाने की मांग की है।

### बजट में सरकार कर सकती है घोषणा

अधिकारियों का कहना है कि बजट में सरकार चार प्रतिशत अंशदान बढ़ाने की घोषणा कर सकती है। इसके दायरे में लगभग चार लाख कर्मचारी आएंगे। इस प्रविधान के लागू होने पर सरकार के ऊपर लगभग साढ़े पांच सौ करोड़ रुपये का सालाना अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा।

---

**राहत कोष** उत्तर प्रदेश पहले तो बिहार दूसरे नंबर पर, सबसे पीछे गोवा और गुजरात का दसवां नंबर

# केन्द्र से अपना पैंसा लेने में मध्यप्रदेश तीसरे नंबर पर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. आर्थिक मोर्चे पर भले ही मध्यप्रदेश की सेहत गड़बड़ा रही हो, लेकिन अभी भी केन्द्र से मिलने वाले राज्यांश को लेकर प्रदेश देश में तीसरे नंबर पर है। केंद्रीय टैक्स वसूली में भी मध्यप्रदेश बहुत ज्यादा वसूलने वाले राज्यों में शामिल है। एक पहलू यह भी है कि केंद्र से मिलने वाले केंद्रीय करों में प्रदेश तीसरे नंबर पर सबसे ज्यादा पैसा लेता है। अभी प्रदेश की कोशिश है कि केंद्र से मिलने वाला राज्यांश बढ़ता जाए। इसे पहले नंबर पर करने की कोशिशें हो रही हैं। अभी पहले नंबर पर उत्तरप्रदेश और दूसरे नंबर पर बिहार है। तीसरे नंबर पर मध्यप्रदेश, चौथे पर पं बंगाल और पांचवें नंबर पर महाराष्ट्र है, जबकि दसवें नंबर पर गुजरात है। पत्रिका



### 2021-22 में ऐसी स्थिति

| | | |
|---|---|---|
| उत्तरप्रदेश 119395.30 | महाराष्ट्र 42043.60 | कर्नाटक 24273.06 |
| बिहार 66942.31 | राजस्थान 40106.31 | गुजरात 23148.27 |
| मध्यप्रदेश 522246.68 | तमिलनाडु 27148.31 | राशि करोड़ रुपए में |
| प. बंगाल 50070.74 | आंध्रप्रदेश 26935.32 | |

### केंद्रीय योजनाओं की अलग मानीटरिंग

केंद्रीय योजनाओं में अधिक पैसा लाने के लिए मध्यप्रदेश अब अलग से मानीटरिंग व्यवस्था करेगा। राज्य सरकार इसके लिए प्रयास कर रही है। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने हर विभाग को केंद्रीय योजनाओं के लिए अलग से मानीटरिंग करने और देश में नंबर वन रहने की कोशिश करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत भी विभागों में केंद्रीय फंड को लेकर अलग से समीक्षाओं का दौर शुरू हो गया है। प्रदेश केन्द्रांश को लेकर भी सजग है, इस कारण बकाया का तकादा भी लगातार किया जा रहा है।

### गोवा सबसे पीछे

2021-22 के वित्तीय आकलन के हिसाब से गोवा सबसे कम राज्यांश लेने वाला राज्य है। गोवा को महज 2569.07 करोड़ रुपए राज्यांश में मिलते हैं, जबकि मध्यप्रदेश को 52246.68 करोड़ मिलता है।

**सिटी में सीएम** • 414 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया, 101 गरीबों को मिले अपने फ्लैट

# 1800 हेक्टेयर से बिबड़ौद क्षेत्र में बनेगा प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा इन्वेस्टमेंट रीजन

## डोसीगांव में मुख्यमंत्री चौहान ने की घोषणा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर विकास का पांच सालाना रोडमैप देखने गुरुवार को आए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 24000 युवाओं को रोजगार देकर आत्म निर्भर बनाने के लिए स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन बनाने की घोषणा की।

दिल्ली-मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे के पास लॉजिस्टिक हब के रूप में विकसित होने वाले निवेश क्षेत्र में 18 हजार करोड़ के निवेश की उम्मीद है। जुलवानिया से बिबड़ौद तक 1800 हेक्टेयर में बनने वाला यह प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा विशेष निवेश क्षेत्र होगा। पहला पीथमपुर में है। यहां 2400 उद्योग लगेंगे। विधायक चेतन्य काश्यप के सुझाव के बाद मप्र औद्योगिक विकास निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। डोसीगांव में हुई सभा में मुख्यमंत्री ने 414 करोड़ से ज्यादा के 6 विकास कार्यों को लोकार्पण और 6 का भूमिपूजन किया। इसके पहले शिवशंकर कॉलोनी झुग्गी बस्ती के 101 परिवारों का पीएमएवाय में डोसीगांव में बने फ्लैट्स में गृह प्रवेश कराया। एक जुलाई से शहर में नियमित जलप्रदाय की घोषणा करने के बाद मुख्यमंत्री ने कलेक्टर गोपालचंद्र, कमिश्नर सोमनाथ झारिया से मुखातिब होकर बोले कमिटमेंट कर दिया है, यह पूरा होना चाहिए वरना ठीक कर दूंगा।

## सीएम की जेब खाली : सांसद से लेकर कन्याओं को पूजन पर दिए 500-500 के नोट



कन्याओं को देने के लिए सीएम को रुपए देते सांसद डामोर। फोटो | राकेश पोरवाल



फ्लैट मालिक बने शिवा के घर पर भोजन करते सीएम, विधायक काश्यप व अन्य।

## रीडर्स गाइड : इन आठ प्वाईंट से समझिए शहर विकास के पांच साल के रोडमैप को

**1 जुलाई 2021 से शहर में रोज पानी-** 14 दिसंबर से कस्तूरबा नगर टंकी से नियमित सप्लाई शुरू हो चुकी है 2025-26 तक 5 करोड़ के खर्च से पुराने इंटकवेल का नवीनीकरण, नए इंटकवेल का फ्लोटिंग प्लेटफॉर्म बनाएंगे।

**जून से शुरू होगा सीवरेज सिस्टम** - 43273 घरों में से 20 हजार से ज्यादा के कनेक्शन हो चुके, जून 2021 तक पूरे हो जाएंगे।

**बरसाती नालों को पक्का करना** - 4.50 किमी के तीन नाले 31 मार्च तक पूरे होंगे। लागत 12.08 करोड़।

**व्यावसायिक कॉम्पलेक्स व पार्किंग-** यह 64 करोड़ के खर्च से 2026 तक होगा। माणकचौक स्कूल व सब्जी मार्केट के ऊपर, कोठारी मार्केट, त्रिवेणी क्षेत्र में ग्वालियर की तर्ज पर हाट बाजार बनेगा।

**अवैध कॉलोनी-** 55 अवैध कॉलोनियों को वैध करके 20 करोड़ से मुलभूत सुविधा मुहैया कराई जाएगी। 47 अविकसित कॉलोनियों 15 करोड़ से विकास कार्य प्रस्तावित है।

**नगर निगम का प्रशासनिक सुधार-** 100 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन, मैदानी कर्मचारियों को वॉकी-टॉकी, 24 घंटे खुला रहने वाला कॉल सेंटर व आईटी सेल की स्थापना होगी। समय सीमा 2026 तक।

**पांच बगीचों का सौंदर्यीकरण-** 2023 तक हनुमान ताल, मानस भवन त्रिवेणी, अटल उद्यान का विस्तार, विनोबा नगर और प्रताप नगर बगीचे का 4 करोड़ में सौंदर्यीकरण होगा।


**रोड नेटवर्क-** 166 किमी लंबाई वाली शहर की सड़कों का 126.53 करोड़ से पुनर्निर्माण, 6 किमी लंबा सिटी रिंग रोड, 4 प्रमुख मार्ग व आंतरिक मार्ग, सड़कों का पुनर्निर्माण और 20 पुलिया को चौड़ा करना है।

भास्कर

## 100 से ज्यादा जगह स्वागत

मुख्यमंत्री की चौथी पारी में पहली बार रतलाम आए शिवराज का 100 से ज्यादा स्थानों पर स्वागत हुआ। बंजली हवाई पट्टी पर उतरने के बाद सीएम ने पलसोड़ा जाकर अटलजी की प्रतिमा का अनावरण किया। लौटते समय सैलाना रोड पर प्रवीण सोनी, सीमा टांक, प्रहलाद पटेल, गीता मंदिर रोड पर विनोद राठौड़ सहित पावर हाउस रोड, दो बत्ती, टीआईटी रोड, फव्वारा चौक, सालाखेड़ी फोरलेन पर भी फूल बरसाकर सीएम का स्वागत किया गया।

# मुख्यमंत्री ने कालिका माता मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को रतलाम प्रवास के दौरान रतलाम शहर के प्रसिद्ध कालिका माता मंदिर पहुँच कर दर्शन किये और पूजा अर्चना कर माँ कालिका से रतलाम जिले और प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि रतलाम शहर एवं रतलामवासी अद्भुत अद्भुत है। मुख्यमंत्री ने कालिका माता मंदिर के प्रस्तावित मॉडल का अवलोकन भी किया। इस मौके पर सांसद गुमान सिंह डामोर, विधायक चेतन्य कश्यप, विधायक राजेन्द्र पाण्डे, विधायक दिलीप मकवाना, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, राजेंद्र सिंह लुनेरा, कमिश्नर उज्जैन संदीप यादव, आईजी उज्जैन राकेश गुप्ता, डीआईजी रतलाम सुशांत सक्सेना, कलेक्टर गोपाल चंद डांड एवं जनप्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मीडिया कर्मी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। इस अवसर पर कालिका माता मंदिर सेवा मण्डल रतलाम के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान का सम्मान भी किया। प्रसा०

# मुख्यमंत्री ने स्व. अटलजी की प्रतिमा का अनावरण किया



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को रतलाम जिले के प्रवास दौरान ग्रामीणस्थ गांव पलसोड़ा में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चौहान ने ग्राम पंचायत की मांग पर ग्राम पलसोड़ा में नल जल योजना के माध्यम से हर घर को नल द्वारा पेयजल आपूर्ति की योजना स्वीकृत की घोषणा भी की। इस मौके पर सांसद गुमान सिंह डामोर, विधायक चेतन्य कश्यप, विधायक राजेन्द्र पाण्डे, विधायक दिलीप मकवाना, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, जनपद प्रधान सुनीता मुकेश मालवीय, राजेंद्र सिंह लुनेरा, सरपंच कैलाश चंद राठौड़, कलेक्टर गोपाल चंद डांड, कमिश्नर उज्जैन संदीप यादव, आईजी उज्जैन राकेश गुप्ता, डीआईजी रतलाम सुशांत सक्सेना एवं जनप्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मीडिया कर्मी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि पलसोड़ा वासियों ने हमेशा अपना प्यार और आशीर्वाद हमें दिया है। उन्होंने कहा कि पलसोड़ा वासियों का विश्वास टूटने नहीं देंगे और जनता का कल्याण लगातार करते रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्वामी श्री गंगा गिरी जी महाराज का अभिनंदन एवं सम्मान भी किया। प्रारंभ में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों के साथ पूजन अर्चन कर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया और उनकी प्रतिमा पर पुष्प हार पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उपस्थित जन समुदाय से भेंट कर उनका अभिवादन किया और उनसे मांग पत्र भी लिए। प्रसा०

## 19 जल प्रदाय योजनाओं का लोकार्पण करेंगे सीएम

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। प्रदेश में जल्द ही होने वाले नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी में जुटी राज्य सरकार 19 निकायों को जल प्रदाय योजनाओं की सौगात देने जा रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को मंत्रालय से 224 करोड़ रुपये की लागत वाली 12 योजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे।

इससे 4.80 लाख की आबादी को पानी मिलेगा और 141 करोड़ की लागत से तैयार होने वाली सात योजनाओं का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री चौहान नगरीय निकाय गुना, पीथमपुर, बड़ामलहरा के नागरिकों से संवाद भी करेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मध्यप्रदेश दूरदर्शन, क्षेत्रीय समाचार चैनलों और सोशल मीडिया के माध्यम से किया जाएगा। नईदुनिया

## नागरिक सेवाओं को मोबाइल ऐप से प्रदान करने के निर्देश

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रतलाम नगर के विकास की विभिन्न योजनाओं का प्रेजेंटेशन देखा तथा निर्देश दिए कि रतलाम नगर में एक ऐसा पार्क विकसित किया जाए जो इस नगर की पहचान बने। जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर द्वारा इसके लिए अमृत सागर तालाब योजना की जानकारी देने पर उन्होंने इस तालाब के विकास की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस तालाब के विकास के लिए 21 करोड़ की राशि लगेगी। मुख्यमंत्री ने बैठक में निर्देश दिए की नगरीय क्षेत्र में लोगों को नगर निगम कार्यालय के कम से कम चक्कर लगाना पड़े इसके लिए ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करने के विषय में त्वरित गति से आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने इसके लिए एप विकसित करने के लिए कहा है। बैठक में कलेक्टर द्वारा बताया गया कि रतलाम नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 5227 आवास स्वीकृत हैं इनमें से 2737 पूर्ण कर लिए गए हैं। उन्होंने जानकारी दी कि जुलाई 2021 से रतलाम शहर में प्रतिदिन जल प्रदाय होने लगेगा। रतलाम शहर में अमृत योजना के तहत 167 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन डाली जा रही है जिसमें से 82 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। यह कार्य 30 जून 2021 तक पूर्ण हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने सीवर लाइन डालने के कारण रतलाम शहर की सड़कों की टूट-फूट की मरम्मत संबंधित ठेकेदार से गुणवत्ता प्रसा०

# मंच पर आते ही जनता के सामने मुख्यमंत्री हुए नतमस्तक

पत्रिका सिटी हैपनिंग









## मुख्यमंत्री ने नशामुक्ति का दिलाया संकल्प

## बेटी का मान-सम्मान सबसे पहले : सीएम

## कांग्रेसियों की हुई गिरफ्तारी

## आवास गृह का भी हुआ लोकार्पण

## इनका भूमिपूजन व लोकार्पण भी हुआ

## मां के साथ बच्ची को भी ले गए

## टेक्सटाइल रीजन विकसित होगा

## डोसीगांव में लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया

## 100 से अधिक स्थान पर हुआ मुख्यमंत्री का स्वागत



पत्रिका

### सौ से अधिक स्वागत द्वार बनाकर मुख्यमंत्री का रतलाम पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया

# प्रधानमंत्री आवास योजना सहित 200 करोड़ से अधिक की योजनाओं का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

## तीसरी सरकार ने जो योजनाएं बंद कर दी थी, वह पुनः प्रारंभ की जा रही हैं-चौहान





### कलेक्टर कार्यालय पर समीक्षा बैठक की

यह पहला मौका था, जब किसी मुख्यमंत्री ने कलेक्टर कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक की। अकसर मुख्यमंत्री वीसी के माध्यम से ही समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा-दर्शन देते रहे हैं। यहां पहुंचकर मुख्यमंत्री ने कार्यालय की भव्यता को देखा और उसकी प्रशंसा की। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा रतलाम के विकास के लिए 5 सालों में होने वाले कार्यों की कार्ययोजना का प्रेजेंटेशन देखा। बैठक में कलेक्टर गोपालचंद डाड से उन्होंने जानकारी प्राप्त की और कार्ययोजना के संबंध में चर्चा भी की। इस दौरान सांसद गुमानसिंह डामोर, विधायक चेतन्य काश्यप, दिलीप मकवाना, डॉ. राजेन्द्र पांडेय, कमिश्नर उज्जैन संदीप यादव, आईजी उज्जैन राकेश गुप्ता, डीआईजी सुशांत सक्सेना, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

रतलाम ● स्वदेश समाचार

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान चौथी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार रतलाम पधारे, जिनका शहरवासियों ने पलक-पावड़े बिछाकर जोरदार अभिनंदन स्वागत किया। जिस मार्ग से वह गुजरे, उस मार्ग पर लगभग 100 से अधिक स्वागत द्वार बनाए गए थे। हर स्वागत द्वार पर पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख्यमंत्रीजी के स्वागत के लिए आतुर नजर आए। सम्पूर्ण मार्ग के दोनों ओर काफी संख्या में नागरिक स्वागत हेतु कतार लगाकर खड़े थे। मुख्यमंत्री बंद गाड़ी में थे, उसके बावजूद भी वह लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। उन्होंने यहां 200 करोड़ से अधिक की योजना का लोकार्पण, भूमिपूजन किया, वहीं कालिका माता के ऐतिहासिक मंदिर में उन्होंने माताजी की पूजा-अर्चना की तथा पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी की प्रतिमा का अनावरण करने का वादा भी आज उन्होंने पूरा किया।

### अटलजी की प्रतिमा का अनावरण किया

हेलीपेड से श्री चौहान ग्राम पलसोड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटलबिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया। श्री चौहान ने इस अवसर पर कहा कि वाजपेयीजी की प्रतिमा का अनावरण करने का मैंने वादा किया था, इस वादे को मैं आज निभा रहा हूं। प्रदेश सरकार ग्राम और ग्रामीणों की समस्याओं को लिए संकल्पबद्ध है। गांव की पेयजल समस्या के लिए मुझे अवगत कराया है, शीघ्र ही इस समस्या का निदान करने के लिए योजनाएं बनाई जाएंगी। इस दौरान कई लोगों ने उन्हें ज्ञापन भी दिया। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा भी की। क्षेत्रीय सांसद गुमानसिंह डामोर, विधायक चेतन्य काश्यप, राजेन्द्र पाण्डेय, दिलीप मकवाना, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा इस मौके पर उपस्थित थे।

### हेलीपेड पर हुआ स्वागत

इसके पूर्व वायुयान से बंजली हवाई पट्टी पहुंचने पर जिले के विधायकों, सांसदों सहित पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी, पार्टी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। हेलीपेड से मुख्यमंत्री को वाहन रैली के रूप में पलसोड़ा, तत्पश्चात सैलाना बस स्टैंड होते हुए कालिका माता मंदिर, तत्पश्चात कलेक्टर कार्यालय एवं वहां से डोसीगांव ले जाया गया, जहां आयोजित कार्यक्रमों में उन्होंने भाग लिया।

### श्री कोठारी से मिलने जब मुख्यमंत्री वाहन से नीचे उतरे...

सैलाना बस स्टैंड पर बने एक स्वागत मंच पर पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी को देखकर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान अपने वाहन से उतरकर उनसे मिलने जा रहे थे, लेकिन भीड़ को देखते हुए श्री कोठारी ने उन्हें रोककर उनके स्नेह के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। यह दृश्य देखकर लोगों को काफी अच्छा लगा। श्री कोठारी श्री चौहान के मंत्रिमंडल में विभिन्न विभागों के कई बार मंत्री रहे और उनकी दोस्ती, ईमानदारी और निष्ठा की श्री चौहान हमेशा सराहना करते रहे हैं।

### मुख्यमंत्री पहुंचे कालिका माता मंदिर

एतिहासिक कालिका माता मंदिर पहुंचकर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने माताजी के दर्शन किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर को नए स्वरूप देने की कार्ययोजना के मानचित्र का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री अपने कार्यकाल में कई बार रतलाम आए, लेकिन कालिका माता मंदिर पहुंचकर पहली बार उन्होंने दर्शन किए। मंदिर की काफी साज-सज्जा विगत दो दिनों से की जा रही थी। मंदिर का भव्य स्वरूप देखकर मुख्यमंत्री भी अभिभूत हुए। यह मंदिर लगभग 200 साल से अधिक पुराना बताया जाता है। राजशाही के जमाने में राजवंश के कई लोग प्रतिदिन माताजी के दर्शन करते थे। रानी झाली की स्मृति में समीप में ही झाली तालाब का निर्माण तत्कालीन महाराजा द्वारा किया गया था।

### विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

डोसीगांव में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत डॉ. श्यामप्रसाद मुखर्जी नगर तथा डोसीगांव के आवासों का लोकार्पण किया। 101 ई.डब्ल्यू.एस. हितग्राहियों के गृह प्रवेश करवाने के साथ ही विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने 432 ई.डब्ल्यू.एस., 96 एलआईजी व 96 एमआईजी भवन मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत, पावर हाउस रोड व न्यू रोड, अमृत योजना के अंतर्गत कालिका माता एवं अमृत सागर उद्यान सौंदर्यीकरण व दीनदयाल नगर पुलिस थाना तथा पुलिस लाइन के आवासों का लोकार्पण भी किया। इसके अलावा अमृत सागर तालाब का पर्यावरणीय सुधार विकास एवं सौंदर्यीकरण, रतलाम ट्रांसपोर्ट नगर, रतलाम गोल्ड पार्क, सागोद रोड रेलवे ओव्हरब्रिज चौड़ीकरण, रतलाम रिंग रोड (बंजली से मांगरोल फंटा) व स्वर्ण सागर आवासीय परियोजना बिबड़ौद का भूमिपूजन भी किया।

### गृह प्रवेश के दौरान भोजन किया

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना के 101 हितग्राहियों को गृह प्रवेश करवाया। इस अवसर पर उन्होंने हितग्राही शिवा वर्मा के घर पर भोजन किया और उनके परिवार के साथ आत्मीय चर्चा की। भोजन पर श्री चौहान के साथ सांसद गुमानसिंह डामोर, विधायक चेतन्य काश्यप, डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, दिलीप मकवाना, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा एवं पूर्व विधायिका संगीता चारेल उपस्थित थी।







# मुख्यमंत्री ने आवास योजना के हितग्राही को कराया गृह प्रवेश

रतलाम। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान गुरुवार को रतलाम दौरे पर आए। यहां आयोजित समारोह शामिल हुए व पीएम आवास योजना के तहत बने घर के हितग्राही को गृह प्रवेश कराया। साथ ही कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित आत्म-निर्भर रतलाम की बहु आयामी विकास योजना के रोड मैप 2021-26 का प्रदर्शन देखा।

## ▸ मुख्यमंत्री पांच घंटे रूके
## ▸ कई विकास योजनाओं को लोकार्पण और भूमिपूजन किया

प्रदेश में चौथी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार रतलाम आए सीएम शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को पांच घंटे रतलाम रहे। सीएम श्री चौहान का वायुयान द्वारा बंजली हवाई पट्टी पर आगमन हुआ। जहां जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने उनका स्वागत किया। यहां से वे गांव पलसोड़ा में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयीजी की प्रतिमा का अनावरण किया।

### 101 हितग्राहियों को कराया गृह प्रवेश

जावरा रोड स्थित डोंगरी गांव प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत [illegible] एवं डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर के आवासों का लोकार्पण, 101 ई.डब्ल्यू.एस. हितग्राहियों के गृह प्रवेश कराने के साथ ही विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमि पूजन किया। [illegible] हितग्राही [illegible] की गृह प्रवेश कराया। गृह प्रवेश के दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान ने हितग्राही के घर भोजन भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ सांसद गुमान सिंह डामोर, विधायक चैतन्य काश्यप, राजेन्द्र पाण्डे और दिलीप मकवाना ने भी हितग्राही के घर भोजन किया। विभाग के अनुसार 101 हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया।

### मां कालिका के दर्शन किए

मुख्यमंत्री कालिका माता मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे। कालिका माता मंदिर पहुंच कर दर्शन किये और पूजा अर्चना कर मां कालिका से रतलाम जिले और प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की



प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कालिका माता मंदिर के प्रस्तावित मॉडल का अवलोकन भी किया।

### ज्ञापन देने के पहले पुलिस ने हिरासत में लिया कांग्रेस नेताओं को

कांग्रेस द्वारा प्रदेश बिगड़ी कानून व्यवस्था, महिलाओं पर अत्याचार, डीजल-पेट्रोल पर प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही वसूली सहित किसान विरोधी तीनों कानून को वापस लेने सहित अन्य मांगों के निराकरण के लिए कलेक्टोरेट में सीएम को ज्ञापन देने के लिए एकत्र हुए थे। सीएम के आने के पहले ही कांग्रेस नेताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी थी। सीएम की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस बल ने सभी कांग्रेस नेताओं को हिरासत में ले लिया। अचानक से हुए इस घटनाक्रम से कांग्रेस पदाधिकारी व नेताओं ने पुलिस प्रशासन के इस रवैये को गलत ठहराया और फिर से नारेबाजी शुरू कर दी। पुलिस ने नेताओं को बस व अन्य वाहनों से सैलाना के सर्किट हाउस ले जाया गया।

### युवा नेताओं ने दिखाए काले झंडे

सीएम का काफिला कालिका माता से कलेक्टोरेट जा रहा था उसी समय [illegible] युवक कांग्रेस प्रदेश महासचिव [illegible] ने काले झंडे दिखाए। काले झंडे दिखाते ही सीएम का काफिला अचानक रुक गया। काफिले में शामिल सुरक्षा गार्ड व पुलिस जवानों ने कांग्रेस नेताओं को पकड़ने की कोशिश की। कुछ नेता पुलिस हिरासत में ले लिए गए व कुछ भाग गए।



### बच्चों ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत

शहर में मुख्यमंत्री के आवागमन मार्ग पर कई संस्थाओं द्वारा मंच लगाकर स्वागत किया गया। करीब 100 से अधिक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। वहीं बच्चों ने भी दो बत्ती पर बने मंच से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

### अठारह हजार करोड़ का होगा निवेश, 24 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज रतलाम में कलेक्टर सभाकक्ष में आत्म-निर्भर रतलाम की बहु-आयामी विकास योजना के रोड मैप 2021-26 का प्रदर्शन देखा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रतलाम-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर 18 हजार करोड़ रुपये के निवेश से मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन और अपरल की कार्य-योजना को आगे बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रतलाम को प्रदेश के अग्रणी [illegible] में स्थापित करना है। [illegible] 250 हेक्टेयर भूमि [illegible] 24 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। [illegible] 100 किलोमीटर [illegible] 144 किलोमीटर है। [illegible]

# गंदगी करने पर 31 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार महू रोड बस स्टैण्ड पर गंदगी करने पर सीताराम, रोहित पर 200-200, शकीर मोहम्मद, संजय जैन, रितेश, मोहतक, ओमप्रकाश, सुनील, वरूण, संजय, किशन व अन्य 2 पर 100-100, कांजीभाई, बलवंत, फुलजीलाल, जितेन्द, घनश्याम, दिनेश, विनोद, विजय, रामु, राजेश, प्राची, कालु, संटू, सुपर, विक्की, विजय, चन्द्रप्रकाश पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन किया गया।

# गंदगी फैलाने वाले 31 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर निगम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिकों व दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत नजर रखी जा रही है। इसके लिए पुलिस कंट्रोल रूम पर तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार महू रोड बस स्टैंड पर गंदगी करने वाले सुरेश पर 250, समरथ, रणजीतसिंह, सुखराम व तीन अन्य पर 100-100, रतनलाल, ललित, प्रफुल्ल जैन, फरीद खान, नानूराम, बाबू, धूलजी, विष्णु, कमलसिंह, हनुमत, रफीक, अमर, मनीष, जगदीश, नाहरू व एक अन्य पर 50-50

रुपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाडे, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि द्वारा की गई।

## 631 मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 631 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। गुरुवार को शिवशंकर कॉलोनी, जावरा रोड पहलवान बाबा की दरगाह, न्यागांव से चार मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।

## डोंगरेनगर में लगेगा बकाया वसूली शिविर

रतलाम। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम से संबंधित करों को जमा कराने के लिए वार्ड वार बकाया वसूली शिविर की शुरुआत सोमवार से की गई। शिविर 27 मार्च तक लगेंगे। शिविरों में नागरिक नगर निगम के बकाया संपत्तिकर, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लाइसेंस शुल्क, विकास शाखा से संबंधित भवन की किस्त, भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेंगे। वार्ड क्रमांक 11 व 12 के लिए 5 से 6 फरवरी तक को डोंगरे नगर, वार्ड क्रमांक 46, 47 व 48 के लिए 8 फरवरी को हाट रोड माताजी का मंदिर, वार्ड क्रमांक 11 व 12 के लिए 09 फरवरी को कलीमी कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 18 के लिए 3 से 10 फरवरी तक राजेंद्र नगर में कार्यालयीन समय में बकाया वसूली शिविर लगेगा।

...विशेष

## गंदगी करने पर 31 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम ● नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे हैं, ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी रखी जा रही है। इस हेतु पुलिस कंट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। महू रोड बस स्टैण्ड पर गंदगी करने पर सीताराम, रोहित पर 200-200 रु., शकीर मोहम्मद, संजय जैन, रितेश, मोहतक, ओमप्रकाश, सुनील, वरुण, संजय, किशन व अन्य 2 पर 100-100 रु., कांजीभाई, बलवंत, फुलजीलाल, जितेन्द, घनश्याम, दिनेश, बिनोद, विजय, रामू, राजेश, प्राची, कालु, संटू, सुपर, विक्की, विजय, चन्द्रप्रकाश पर 50-50 रुपए का स्पॉट फाइन किया गया

# बालिकाओं ने कलश लेकर की अगवानी, तो किसी ने पहनाई राजस्थानी पगड़ी

## सीएम चौहान के स्वागत में नगरवासियों ने बिछाए पलक पावड़े

## रोड शो के दौरान अनेक संगठनों ने किया ऐतिहासिक स्वागत





पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराने के साथ कई विकास योजनाओं का लोकार्पण व भूमिपूजन व रतलाम के विकास का प्रेजेंटेशन देखने के लिए नगर में पहुंचे प्रदेश के मुख्या शिवराजसिंह चौहान का नगरवासियों ने पलक पावड़े बिछाकर स्वागत किया। इससे जिस मार्ग से वे गुजरे वह मार्ग पुष्पों की पंखुड़ियों से पट गया। साक्षी पेट्रोल पंप बालिकाओं ने कलश लेकर सीएम की अगवानी की। किसी ने राजस्थानी पगड़ी, तो किसी ने हनुमान की गदा व महाराणा प्रताप का चित्र भेंट किया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का रोड शो बरबड़ हनुमान मंदिर से शुरू हुआ। अमृत गार्डन पर प्रवीण सोनी मित्र मंडल के पदाधिकारियों व सदस्यों ने 51 किलो वजनी हार व राजस्थानी पगड़ी भेंट कर स्वागत किया। साक्षी पेट्रोल पंप तिराहे पर वार्ड 8 के विकास ग्रुप ने पूर्व पार्षद सीमा टांक के नेतृत्व में स्वागत किया गया। सीएम ने कन्या पूजन किया। रत्नपुरी तिराहे पर अनुसुचित जाति मोर्चा, अलकापुरी चौराहे पर प्रहलाद पटेल मित्र मंडल की ओर से स्वागत किया गया। सज्जन मिल चौराहे पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल के मयूर पुरोहित के नेतृत्व में महेंद्र शर्मा, पवन सोमानी, देवशंकर पांडेय आदि पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित व पूर्व पार्षद पप्पू पुरोहित मित्र मंडल, राममंदिर पर वाल्मिकी समाज, अग्रवाल स्कूल पर किसान संघ व उमरावसिंह गुप्ता सभागृह पर सिखवाल समाज व सैलाना बस स्टैंड पर भाजपा महामंत्री प्रदीप उपाध्याय मित्र मंडल ने सीएम का स्वागत किया। भाजपा खेल प्रकोष्ठ के बैनर तले पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी, यतेंद्र भारद्वाज व अन्य पदाधिकारियों ने स्वागत किया। मंडी गेट पर लहसुन-प्याज व्यापारी संघ, भाजपा दीनदयाल मंडल, पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा के नेतृत्व में डागा परिवार ने बैंड बाजे के साथ सीएम का स्वागत किया। पावर हाउस रोड पर भारतीय जीवन बीमा निगम अधिकारियों व कर्मचारियों, विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन व दो बत्ती चौराहे पर भाजपा युवा मोर्चा व भाजपा महिला मोर्चा की ओर से स्वागत किया गया। घोड़ा चौराहा पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा, कान्वेंट स्कूल चौराहे पर अभिभावक संघ व कुरैशी उर्स कमेटी एवं ऑल इंडिया मेवाती समाज, आयकर कार्यालय के समीप विनोद राठौड़ मित्र मंडल की ओर से गदा भेंट कर उनका सम्मान किया गया। सूरजमल जैन मंडल, मित्र निवास रोड पर सांवरिया बोरवेल की ओर से सीएम का स्वागत किया गया। राहुल यादव मित्र मंडल, बाबा सरकार ग्रुप, आंबेडकर मंडल उपाध्यक्ष मित्र मंडल, भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ, गणेशनगर-कोमलनगर के रहवासियों, योगी मित्र मंडल, सुनील शर्मा, सज्जनमिल क्षेत्र के व्यापारियों, हिंद युवा जनजाति मोर्चा, शक्तिसिंह राठौड़ मित्र मंडल, प्रजापति मेवाड़ा समाज, आंबेडकर मंडल, अभय जैन व संतोष बैरागी मित्र मंडल के साथ आदित्य डांगा, भगतसिंह भदौरिया, सोनू यादव, निलेश गांधी, कृष्ण सोनी आदि ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

### आधा घंटा देरी से रतलाम पहुंचे सीएम चौहान

तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार रतलाम आए प्रदेश के मुखिया शिवराजसिंह चौहान तय कार्यक्रम से करीब आधा घंटा देरी से बंजली हवाई पट्टी पर पहुंचे। यहां पहुंचने पर शहर विधायक चैतन्य काश्यप, सांसद गुमानसिंह डामोर, ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना और भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा, पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी आदि ने अगवानी की। हवाई पट्टी पर बंजली सरपंच भूपेन्द्रसिंह राठौर और दिनेश सोलंकी ने मुख्यमंत्री चौहान का स्वागत किया। इस दौरान अधिकारी भी मौजूद थे।

### रतलाम का अनुभव और रतलाम दोनों अद्भुत

पलसोड़ा का कार्यक्रम निपटाने के बाद मुख्यमंत्री चौहान रोड शो करते हुए कालिका माता मंदिर पहुंचे। यहां पहुंचते ही उन्होंने मंदिर में पहुंचकर माँ कालिका की पूजा और फिर आरती की। इसके बाद उन्होंने मंदिर की परिक्रमा लगाई। कालिका माता सेवा मंडल की तरफ से उनका सम्मान भी किया गया। सेवा मंडल के सदस्यों ने उन्हें शाल-श्रीफल भेंट किया। इस दौरान उनके साथ विधायक चैतन्य काश्यप, सांसद डामोर, विधायक दिलीप मकवाना, डॉ. राजेंद्र पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष लुनेरा सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

### नशामुक्ति में रतलाम ने बनाया वर्ल्ड रिकार्ड

जिले में एक दिवस में 52190 नागरिकों द्वारा नशामुक्ति की ऑनलाइन शपथ लेकर विश्व रिकार्ड बनाया गया। 27 जनवरी को बने वर्ल्ड रिकार्ड को वज्र वर्ल्ड रिकार्ड बुक, यूनिवर्सल रिकार्डस, कलाम वर्ल्ड रिकार्डस, ब्रावो इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस में दर्ज कर प्रमाण पत्र मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को वर्ल्ड रिकार्ड ज्यूरी मेंबर्स शैलेन्द्र सिंह सिसौदिया के द्वारा भेंट किए गए। यह रिकार्ड जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग के नाम दर्ज हुआ।

पत्रिका

# नये घर में प्रवेश करवाकर उनके घर भोजन किया



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रतलाम प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के बाद जावरा रोड स्थित डोसीगॉव में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत नवनिर्मित ई.डब्ल्यू.एस. फ्लेट क्रमांक ए, ब्लॉक में स्थित एफ.-3 मकान में शिवा रेखा वर्मा को गृह प्रवेश कराया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हितग्राही श्री शिवा रेखा वर्मा के द्वारा बनाये गये भोजन को ग्रहण किया। शिवा रेखा वर्मा ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि प्रदेश के मुखिया शिवराजसिंह चौहान ने हमारे हाथों से बनाया हुआ भोजन ग्रहण किया हम धन्य हुए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भोजन करते समय कहा कि भोजन बढ़िया बनाया है। गरीबों के घर भोजन करने का आनंद ही कुछ और है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मकान बहुत अच्छा बना है। उन्होंने हितग्राही शिवा रेखा वर्मा से कहा कि आनंद से अपने घर में रहे और खुश रहे। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने भोजन करने के बाद हितग्राही शिवा रेखा वर्मा एवं उनके बच्चों को फल एवं मिठाई भेंट की। मुख्यमंत्री को हितग्राही ने अवगत कराया कि मामाजी आप ने बहुत बढ़िया काम गरीबों के लिये किया है नही तो हमारी जिंदगी गंदी बस्ती में ही रहकर ही कटती। आप ने गंदी बस्ती से निकाल कर पक्के मकान उपलब्ध कराये है इसलिये आपको कोटि-कोटि धन्यवाद। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने हितग्राही के हाथों बने भोजन में चपाती, दाल, चावल, भिण्डी की सब्जी, मावा-पनीर, आलू, छोले, भजिये, गुलाब जामुन, पापड़, सलाद, नमकीन सुली और सेव ग्रहण की। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को भोजन कराते वक्त हितग्राही शिवा रेखा वर्मा ने कहा कि गंदी बस्ती से उठ कर अब अच्छे मकान मिल जाने से बच्चों की परवरिश बेहतर ढंग से हो पायेगी। नये मकानों में रहने से एक अलग प्रकार का वातावरण मिलेगा अब गंदी बस्ती से छुटकारा मिल गया है। उल्लेखनीय है कि शिवा वर्मा रतलाम में बजरंगगढ़ होटल की चाय की दुकान पर काम करते हैं। भोजन करने के बाद शिवा वर्मा ने मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को अवगत कराया कि उनके दो बेटे हैं उनकी शिक्षा के लिये नवनिर्मित मकान से स्कूल दूर पड़ेगा इस संबंध में भी उचित कार्यवाही की जाय ताकि बच्चे शिक्षा ग्रहण कर सकें। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में कलेक्टर श्री गोपाल चन्द्र डाड को तत्संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के साथ सांसद गुमानसिंह डामोर, विधायक चेतन्य कश्यप, विधायक राजेन्द्र पाण्डे, विधायक दिलीप मकवाना, पूर्व विधायक संगीता चारेल, राजेन्द्र सिंह लुनेरा आदि ने भी भोजन ग्रहण किया।

प्रसारण

# मुख्यमंत्री ने डोसीगांव में अनेक कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया



प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने गुरुवार को रतलाम जिले के डोसीगांव में आयोजित कार्यक्रम में 414.98 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत निर्मित 432 ई. डब्ल्यु. एस. आवास, 96 एम.आई.जी. आवास एवं 96 एल. आई. जी. फ्लेट्स का लोकार्पण किया। उक्त आवास की निर्माण राशि 55 करोड़ रुपए है। मुख्यमंत्री ने 10 करोड़ की लागत से निर्मित मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास अंतर्गत सैलाना बस स्टेण्ड से दो बत्ती चौराहे तक फोरलेन रोड़ निर्माण का लोकार्पण किया। उन्होंने एक करोड़ 35 लाख रुपये की राशि से निर्मित अमृत योजना हरित क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत कालिका माता उद्यान के सौन्दर्यीकरण का लोकार्पण किया। अमृत योजनान्तर्गत ही अमृत सागर उद्यान के सौन्दर्यीकरण के कार्यों का लोकार्पण किया इसकी लागत एक करोड़ 32 लाख रुपये है। उन्होंने एक करोड़ 50 लाख रुपये से बने शहरी आवास भवन तथा 11 करोड़ की राशि से निर्मित आठ राजपत्रित, 12 अराजपत्रित एवं 48 आरक्षक आवास गृह का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 21 करोड़ की राशि से तालाब का पर्यावरणीय विकास एवं सौन्दर्यीकरण के कार्य का भूमि पूजन किया। उन्होंने सालाखेड़ी में बनाये जाने वाले ट्रान्सपोर्ट नगर का, 150 करोड़ की राशि से गोल्ड पार्क, 23.57 करोड़ की राशि से बनाये जाने वाले बाजना रेल्वे पुल पर फोरलेन, आरोबी निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। मुख्यमंत्री ने 74.96 करोड़ की स्वर्णसागर बीवटोद आवासीय परियोजना एवं 43.28 करोड़ से बनाये जाने वाली रिंगरोड़ जो बंजली से मांगरोड़ फंटा मार्ग है उसके कार्य का भूमिपूजन किया। लोकार्पण एवं भूमिपूजन के कार्यक्रम के अवसर पर सांसद गुमानसिंह डामोर, विधायक चेतन्य कश्यप, विधायक राजेन्द्र पाण्डे, रतलाम ग्रामीण के विधायक दिलीप मकवाना, पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईड़ा, शैलेन्द्र डागा, अशोक चोटाला, ईश्वरलाल पाटीदार, मनोहर पोरवाल सहित जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे। प्रसारण

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– दबंग दुनिया पृष्ठ 18 दिनांक 05/02/2021

**विकास** : मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दी 417 करोड़ के कार्यों की दी सौगात, सीएम बोले- प्रदेश के खजाने पर पहला हक गरीबों का

# रतलाम को मॉडल शहर के रूप में करेंगे विकसित

रतलाम » सिटी रिपोर्टर

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को रतलाम में थे। उन्होंने इस दौरान 417 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी और कहा प्रदेश के खजाने पर पहला हक गरीबों का है। सीएम चौहान करीब पांच घंटे के रतलाम प्रवास के दौरान पहले वे हैलीपेड से सीधे पलसोड़ा गांव पहुंचे। यहां उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया। यहां से वे कालिका माता मंदिर पहुंचे और दर्शन किए। इसके बाद कलेक्टोरेट पहुंचकर मुख्यमंत्री चौहान ने जिला प्रशासन, नगर निगम के अफसरों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ रतलाम के पांच साल के विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बड़े शहरों की तर्ज पर नगर परिषद और ग्राम पंचायतों के समुचित विकास के लिए विकास का रोडमैप तैयार किया जाए।

सीएम चौहान ने संभागायुक्त और कलेक्टर को निर्देश दिए और कहा कि अनियोजित विकास के चलते गांव में चटनी और अचार की तरह पैसा इधर-उधर हो जाता है। मुख्यमंत्री शिवराज ने पांच साल के विकास कार्यों के रोडमैप का प्रेजेंटेशन देखा मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि ऐसा पहला मौका होगा जब कोई मुख्यमंत्री नगर निगम के विकास के रोडमैप का प्रेजेंटेशन देख रहा होगा, रूपरेखा बनवा रहा होगा। कलेक्टोरेट से सीएम चौहान डोसीगांव पहुंचे। यहां उन्होंने पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को गृह प्रवेश करवाया। सभा में कहा रतलाम को पूरे प्रदेश में मॉडल शहर के रूप में विकसित किया जाएगा। गरीबों के लिए प्रदेश में धन की कमी नहीं होने देंगे। प्रदेश के खजाने पर पहला हक गरीबों का है।

## अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण



## मुख्यमंत्री ने संतोष और रेखा के घर किया भोजन

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रतलाम में प्रधानमंत्री आवास योजना के 101 हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया। डोसीगांव में उन्होंने नवीन गृह प्रवेश करने वाली संतोष और रेखा वर्मा के घर भोजन किया। सामान्य परिवार में सीएम सहित सांसद, विधायकों आदि ने जमीन पर बैठकर दाल, चावल, सब्जी, अचार रोटी का आनंद लिया। उन्होंने भोजन के स्वादिष्ट होने की प्रशंसा की और परिवार के साथ आत्मीयता से चर्चा भी की। इस दौरान विधायक चैतन्य काश्यप, डॉ. राजेंद्र पाण्डेय, दिलीप मकवाना भी मौजूद थे।

## इन कार्यों का किया भूमिपूजन

मुख्यमंत्री ने शहर में 417 करोड़ विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री द्वारा पीएम आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 432 ईडब्ल्यूएस, 96 एलआईजी व 96 एमआईजी भवन, मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत पॉवर हाउस रोड व न्यू रोड, अमृत योजना के अंतर्गत कालिका माता, अमृत सागर उद्यान सौंदर्यीकरण, दीनदयाल नगर पुलिस थाना, पुलिस लाइन के आवासों का लोकार्पण किया किया। इसके अलावा अमृत सागर तालाब का पर्यावरणीय सुधार विकास, सौंदर्यीकरण, रतलाम ट्रांसपोर्ट नगर, रतलाम गोल्ड पार्क, सागोद रोड रेलवे ओवरब्रिज चौड़ीकरण, रतलाम रिंग रोड (बंजली से मांगरोल फंटा) व स्वर्ण सागर आवासीय परियोजना बिबड़ौद का भूमिपूजन किया।

5/2/21

# मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का हुआ बंजली हवाई पट्टी पर आत्मीय स्वागत



रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का गुरुवार को वायुयान द्वारा रतलाम जिले के बंजली हवाई पट्टी पर आगमन हुआ जहां जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। प्रशासन की ओर से कमिश्नर संदीप यादव, आईजी उज्जैन राकेश गुप्ता, कलेक्टर गोपाल चंद्र डाड, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने मुख्यमंत्री श्री चौहान की आगवानी की हवाई पट्टी पर वायुयान से उतरते ही सांसद गुमान सिंह डामोर, विधायक चेतन्य कश्यप, विधायक राजेन्द्र पाण्डे, विधायक दिलीप मकवाना, जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, राजेंद्र सिंह लुनेरा, पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, मनोहर पोरवाल सहित जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिकों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान का पुष्पहारों व पुष्प गुच्छ देकर आत्मीय स्वागत किया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– पत्रिका ---पृष्ठ ..19...दिनांक..05/02/..2021

**सीनियर सेकेट्रिएट पहुंचा नए एक्ट का ड्राफ्ट: विधानसभा सत्र में लाने की तैयारी**

# निकाय चुनाव के पहले शिवराज सरकार का बड़ा दांव, अवैध कॉलोनियों को करेंगे वैध

एक्सक्लूसिव

जितेन्द्र चौरसिया
patrika.com

**भोपाल.** नगरीय निकाय चुनाव की दस्तक के साथ प्रदेश में अवैध कॉलोनियों को वैध करने का दांव फिर चलने की तैयारी हो गई है। लंबे समय से ठंडे बस्ते में पड़े नियमों को मोडीफाई कर नए एक्ट का ड्रॉफ्ट नगरीय प्रशासन विभाग ने अपने स्तर पर मंजूर करके सीनियर सेक्रेट्रिएट भेज दिया है। अगले हफ्ते सीनियर सेक्रेट्रिएट की बैठक में इस पर चर्चा हो सकती है। सेक्रेट्रिएट के अध्यक्ष सीएस इकबाल सिंह बैंस हैं। मंजूरी मिली तो प्रस्ताव कैबिनेट में रखा जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी पर इसे 22 फरवरी से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में लाया जा सकता है। यह कॉलोनियां वैध की जाती हैं, तो निकाय चुनाव में भाजपा इसका फायदा उठा सकती है।

## 2016 के पहले बनीं कॉलोनियां होंगी वैध



पूर्व में 21 नवंबर 2016 के पहले बसी सभी अवैध कॉलोनियों को नियमित कर दिया था। इस पर मामला हाईकोर्ट पहुंच गया था। दरअसल, ये कॉलोनी धारा 15(ए) में नियमित की गई थी, जिसे हाईकोर्ट ने शून्य करार दे दिया। इसके बाद मामला सुप्रीमकोर्ट पहुंच गया। बाद में सरकार ने तय किया कि सुप्रीमकोर्ट में आगे केस लड़ने की बजाए नया एक्ट लाकर नियमितीकरण किया जाए। अब शिवराज सरकार ने आकर इस ड्राफ्ट को फायनल रूप दे दिया है।

### अभी तक अवैध कॉलोनी का ट्रैक रेकॉर्ड

| वैध करने के लिए चिह्नित | वैध श्रेणी की कॉलोनियों का प्रकाशन | अयोग्य कॉलोनियां | वैध कॉलोनी के लिए अंतिम प्रकाशन |
|---|---|---|---|
| 7067 | 6876 | 970 | 5007 |

### ये था विवाद

प्रदेश की 6876 अवैध कॉलोनियों को वैध करने की कवायद है। प्रदेश में अवैध कॉलोनी नियमितीकरण अधिनियम 2021 नाम से एक्ट आएगा। इसमें अवैध कॉलोनी काटने वालों पर कार्रवाई होगी, जबकि रहवासियों से विकास शुल्क लेकर कॉलोनियां नियमित की जाएंगी।

### इस तरह किया जाएगा नियमितीकरण

- दस फीसदी ओपन एरिया नहीं होने पर कॉलोनी पर जुर्माने का प्रावधान प्रस्तावित
- अवैध कॉलोनी काटने वालों के खिलाफ एफआईआर होगी।
- सरकारी जमीन, तालाब, उद्यान, ग्रीन बेल्ट और सार्वजनिक स्थल की कॉलोनी वैध नहीं होगी
- कलेक्टर गाइडलाइन से विकास शुल्क लेंगे, इसमें छूट भी दी जाएगी
- वन टाइम सैटलमेंट के लिए अलग फार्मूला रहेगा, विकास शुल्क इसमें मोडीफाई होगा

पत्रिका

### ऐसा है नई दिल्ली, आंध्र का मॉडल

लंबे समय से एक्ट में संशोधन का प्रयास ठंडे बस्ते में था। अब नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने सीएम शिवराज सिंह चौहान से चर्चा की। इसके बाद प्रस्ताव को मंजूरी देकर सीनियर सेक्रेटिएट भेज दिया। इसमें दिल्ली और आंध्रप्रदेश की तर्ज पर अवैध कॉलोनियों को वैध करने के नियमों को समावेश किया गया है। इसके तहत बेहद मामूली शुल्क देकर ही कॉलोनियों को वैध किया जा सकेगा।

### इंदौर-भोपाल में ज्यादा असर

कॉलोनी नियमितीकरण का सबसे ज्यादा असर भोपाल और इंदौर में हैं। प्रदेश में मुख्यतः भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में सबसे ज्यादा अवैध कॉलोनियां हैं। यहां पार्षद स्तर पर यह मुद्दा निकाय चुनाव में काफी मायने रखता है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ 01 दिनांक 05/02 2021

# कुछ अलग ही होता है गरीब के घर भोजन करने का आनंद

रतलाम। मुख्यमंत्री ने रतलाम प्रवास के दौरान डोसीगांव में पीएम आवास (शहरी) के अंतर्गत नवनिर्मित ईडब्ल्यूएस ए. ब्लॉक में स्थित एफ-3 फ्लैट में शिवा रेखा वर्मा को गृह प्रवेश कराया। मुख्यमंत्री ने हितग्राही के हाथों बने भोजन में चपाती, दाल, चावल, भिण्डी की सब्जी, मावा-पनीर, आलू, छोले, भजिये, गुलाब जामुन, पापड़, सलाद, नमकीन थुली और सेव ग्रहण की। भोजन करते समय सीएम ने कहा कि गरीबों के घर भोजन करने का आनंद ही कुछ और है। भोजन करने के बाद हितग्राही वर्मा एवं उनके बच्चों को फल एवं मिठाइयां भेंट की। भोजन कराते वक्त हितग्राही शिवा रेखा वर्मा ने कहा कि गंदी बस्ती से उठ कर अब अच्छे मकान मिल जाने से बच्चों की परवरिश बेहतर ढंग से हो पाएगी। नईदुनिया



हितग्राही के निवास पर भोजन करते हुए सीएम शिवराजसिंह चौहान, विधायक चेतन्य काश्यप। • नईदुनिया

## बच्चों को स्कूल भेजने की व्यवस्था भी कर दें

शिवा वर्मा रतलाम के बजरंगगढ़ होटल की चाय की दुकान पर काम करते है। उन्होंने सीएम को बताया कि उनके दो बेटे है। उनकी शिक्षा के लिये नवनिर्मित मकान से स्कूल दूर पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में कलेक्टर को आवश्यक निर्देश दिए।

### शहर में पांच घंटे रहे सीएम, 34 मिनट का भाषण दिया

दोपहर 1:05 बजे रतलाम पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान करीब पांच घंटे शहर में रहे। मार्ग में सीएम ने सभी का सम्मान स्वीकारा। खास बात यह रही कि 4:35 बजे डोसीगांव कार्यक्रम स्थल पहुंचने के बाद 34 मिनट के भाषण में हर पल वे जनता से जुड़े नजर आए। जिले में योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर से मंच पर ही जवाब भी तलब करते रहे। शाम करीब 5:55 बजे वे भोपाल के लिए विमान से रवाना हुए।

सीएम ने 101 परिवारों को कराया गृह प्रवेश

# रतलाम में 2554 करोड़ के 'विकास' को दी हरी झंडी



पीएम आवास में गृह प्रवेश कराकर सीएम ने रेखा और शिवा के हाथ का खाना खाया।

पत्रिका

रतलाम @ पत्रिका. प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को रतलाम पहुंचे। सीएम ने शहर के डोसीगांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 101 हितग्राहियों को ग्रह प्रवेश कराया। शिवशक्ति नगर क्षेत्र से नए घर में पहुंचे रेखा और शिवा वर्मा के घर भोजन भी किया। यहीं पास बने मंच पर पहुंचकर विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

विधायक चेतन्य काश्यप ने सीएम को आगामी पंचवर्षीय योजना के संबंध में तैयार किया रोड मैप सौंपा तो सीएम ने डोसीगांव सभा स्थल के मंच से 2554 करोड़ की इन योजनाओं को लेकर स्वीकृति दी। इसके पूर्व सीएम ने कालिका माता मंदिर पहुंचकर माता की आराधना की। सीएम ने पलसोड़ा गांव में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण भी किया। शहर में रोड शो हुआ। इसमें 100 से अधिक मंचों पर स्वागत किया गया। सीएम के समक्ष कांग्रेसियों ने कलेक्टर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करना चाहा तो पुलिस उन्हें हिरासत में लेकर सैलाना अस्थायी जेल भेजा।